तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026



4 जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दिया जा रहा तकनीकी प्रशिक्षण







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## कई लोगों की टूटी उम्मीदें, यहां से जाने के बाद प्रदेश संगठन ने काट दिया नाम

# लंबे इंतजार के बाद अंततः निकायों में मनोनित पार्षदों की हुई नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आखिरकार डेढ़ साल की इंतजार के बाद जिले के निकायों में मनोनित पार्षदों की नियुक्ति कर दी गई है। सबसे ज्यादा चर्चा नगर निगम के लिए नियुक्त किए गए एल्डरमेनों की हो रही है। कारण इसमें अधिकांश चेहरे नए हैं। वहीं राजनीतिक संतुलन जैसी कोई बात भी नहीं है। दूसरी ओर जो नाम यहां से भेजे गए थे उनमें से कई नामों को प्रदेश संगठन की ओर से काट दिया गया है। इससे कुछ लोगों की उम्मीदें टूटी है तो कुछ लोग अभी भी इंतजार कर रहे हैं। नगरनिगम में आठ और खरसिया नगरपालिका में पांच एल्डरमेनों की नियुक्ति की गई है। बाकी नगर पंचायतों में तीन-तीन एल्डरमेन बनाए गए हैं। एल्डरमेनों की नियुक्ति को लेकर हर दिन एक नया समीकरण बन रहा था। पार्टी स्तर से करीब 15 लोगों का नाम भेजा था, लेकिन प्रदेश संगठन ने इस लिस्ट से दिगर कुछ अन्य नामों पर मोहर लगाया है। अब इनकी भागीदारी शहर के वार्डो में दिखेगी। रायगढ़ नगरनिगम में 8 मनोनित पार्षदों की नियुक्ति की गई है। इसमें दो को दोबारा मौका मिला है। याने इसके पहले भी एल्डरमेन रह चुके हैं। एक नाम तो ऐसे भी है जो पार्षद रह चुके हैं। बाकी अधिकांश नाम नए है। एक दो नाम तो ऐसे भी हैं जिनको शहर के लोग जानते भी नहीं हैं।

### पार्षदों जैसी ही मिलती है सुविधाएं

मनोनित पार्षदों को सेलेक्टेड पार्षदों की तरह ही सुविधाएं मिलती है। सालाना फंड भी उतनी ही मिलती है। एल्डरमेन जरुरत के मुताबिक शहर के किसी भी वार्ड में अपने फंड से काम करा सकता है। शहर में 48 वार्ड हैं। ऐसे में हर एल्डरमेन के पास काम करने के लिए 6-6 वार्ड मिलेंगे।

### कहां कौन हुए मनोनित

| निकाय | मनोनित पार्षद |
|---|---|
| नगरनिगम | ज्ञानेश्वर गौतम, मनोज शर्मा, मनीष गांधी, प्रदीप श्रृंगी, सुनील थवाईत, संजय जगवानी, शशीकांत शर्मा और पप्पु कुमार |
| नपा खरसिया | सरिता सहिस, शशिभूषण राठौर, रतन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राकेश धृतलहरे |
| नपं घरघोड़ा | विजय सिंहा, डोलेप्रसाद पटेल, कुंतिला उरांव |
| नपं धरमजयगढ़ | अनिल पांडेय, नीरज अग्रवाल, संतोष कुमार सारथी |
| नपं लैलूंगा | रमेश पटनायक, दिनेश यादव, नरेश नायक |
| नपं पुसौर | त्रिनाथ गुप्ता, अभिमन्यु साहू, विकास होता |
| नपं किरोड़ीमल | बाल्मिकी चौहान, राजकिशोर ठाकुर, अजय अग्रवाल |

### 4 साल से फरार मानव तस्करी के आरोपी जशपुर से गिरफ्तार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस ने मानव तस्करी के एक प्रकरण में लगभग चार वर्ष से फरार चल रहे आरोपी रामा चौहान को जिला जशपुर के ग्राम जोराडोल से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 28 जून 2022 को धरमजयगढ़ थाने में एक 17 वर्षीय बालिका के गुम होने की रिपोर्ट उसके पिता के द्वारा दर्ज कराई गई थी। गुल बालिका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था उसकी बेटी 23 जून 2022 की शाम घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए बालिका की पतासाजी में जुट गई और इसी बीच अपहत बालिका को मध्यप्रदेश के अनुपपुर में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ट्रेन में दो संदिग्ध व्यक्तियों हीरालाल चौहान एवं देवलाल तिग्गा के साथ बरामद किया गया।

## खबर संक्षेप

### युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक पर चाकू से हमला

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर बीच-बचाव के लिए पहुंचे युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह पिछले लगभग छह माह से धरमजयगढ़ क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर मजदूरी का कार्य कर रही है। इसी बीच 30 जून की शाम वह अपनी सहेली के साथ निर्माण स्थल पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान आरोपी सागर सारथी उर्फ चेमे नितागी 23 वर्ष पिता सुनील सारथी निवासी तुर्कापारा धरमजयगढ़ वहां पहुंचकर युवती से मोबाइल नंबर मांगने लगा। मना करने पर उसने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती की सहेली ने तत्काल अपने जीजा को मौके पर बुलाया। उन्होंने आरोपी को समझाने और छेड़छाड़ से रोकने का प्रयास किया, जिससे नाराज होकर आरोपी गाली-गलौज करते हुए अपने घर गया और चाकू लेकर वापस आया। इसके बाद उसने जान से मारने की धमकी देते हुए युवती के जीजा के पेट एवं छाती पर चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 74, 109, 115(2), 296 एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जिसके बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर जब्त किया गया।



### विधानसभा सत्र अवधि में अवकाश पर प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का दशम सत्र 13 जुलाई सोमवार से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। निर्देशानुसार कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही उपस्थित रहेंगे।

## हाथियों पर पत्थर और पटाखे फेंकने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के ग्राम छर्राटांगर में जंगली हाथियों को पत्थर मारने और पटाखे फोड़कर परेशान करने के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार विगत दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें रायगढ़ वन मंडल अंतर्गत ग्राम छर्राटांगर के खेतों में पहुंचे दो जंगली हाथियों को कुछ लोगों द्वारा पत्थर मारकर और पटाखे फोड़कर भगाने का प्रयास किया जा रहा था। वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मांडवा के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने तत्काल घटनास्थल की पुष्टि की और वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान के लिए जांच शुरू की। गहन पड़ताल के बाद वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2 (16), 9, 51 एवं 52 के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए दो मुख्य आरोपियों मनमोहन राठिया पिता सखाराम राठिया तथा करम सिंह राठिया पिता नकुल राठिया को गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों को गुरुवार को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि जंगली हाथियों या अन्य वन्यजीवों के साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास कानूनन अपराध है, जिसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है।



## दुर्गापुर कोल ब्लॉक को लेकर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति लिखित आश्वासन तक ड्रोन सर्वे रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रस्तावित दुर्गापुर कोल ब्लॉक परियोजना को लेकर प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया है कि जब तक मुआवजा, पुनर्वास और विस्थापन नीति से संबंधित सभी बिंदुओं पर लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक ड्रोन सर्वे समेत भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी कार्यवाहियों पर रोक लगाने को लेकर आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना के तहत दुर्गापुर, शाहपुर, तराईमार, शाहपुर कॉलोनी और धर्मजयगढ़ कॉलोनी की भूमि प्रभावित हो रही है, लेकिन मुआवजा निर्धारण में समानता नहीं दिखाई दे रही है। उनका आरोप है कि एक ही कोल ब्लॉक परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के बावजूद अलग-अलग गांवों के लिए अलग-अलग मुआवजा दर प्रस्तावित की जा रही है। इस मुआवजा राशि में 10 से 15 लाख रूपए का अंतर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से दुर्गापुर की जमीन का मुआवजा अन्य प्रभावित गांवों की तुलना में काफी कम आंका गया है, जिसे ग्रामीण अन्यायपूर्ण मान रहे हैं। उन्होंने सभी प्रभावित क्षेत्रों की भूमि का मुआवजा क्षेत्र में प्रचलित अधिकतम बाजार मूल्य के आधार पर एक समान तय करने की मांग की है। इसके अलावा शाहपुर बस्ती के भविष्य को लेकर भी चिंता जताई गई है। ग्रामीणों ने इस बस्ती के बारे में बताया कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र से चारों ओर घिरने वाली शाहपुर बस्ती को अधिग्रहण दायरे से बाहर रखना आने वाले समय में निवासियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ऐसी स्थिति में शाहपुर बस्ती का भी संपूर्ण अधिग्रहण कर यहां के ग्रामीणों के लिए उचित पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। प्रभावित परिवारों ने पुनर्वास नीति को लेकर भी कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि विस्थापित परिवारों को किस स्थान पर बसाया जाएगा, उन्हें आवास, रोजगार, सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं किस प्रकार उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्रामीणों का मत है कि जब तक पुनर्वास और विस्थापन की संपूर्ण नीति लिखित रूप में सार्वजनिक नहीं की जाती, तब तक अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन को यह भी अवगत कराया कि पूर्व में कई परियोजनाओं के दौरान प्रभावित लोगों को केवल मौखिक आश्वासन दिए गए, लेकिन अपेक्षित सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो सकीं।



## तमनार सीएचपी चौक में हुई हिंसा का फरार आरोपी 7 महीने बाद गिरफ्तार, जेल दाखिल

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीएचपी चौक लिबरा हिंसा प्रकरण के मुख्य आरोपी राजेश मरकाम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पुलिस पर प्राण घातक हमला, लूटपाट, आगजनी, बलवा तथा शासकीय कार्य में बाधा जैसे गंभीर अपराधों में नामजद था और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

जानकारी के अनुसार गारे पेलमा सेक्टर-01 कोयला परियोजना की जनसुनवाई के विरोध में दिसंबर 2025 से लिबरा स्थित सीएचपी चौक पर प्रभावित गांवों के लोगों द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं आर्थिक नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगातार आंदोलनकारियों को शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था का पालन करने की समझाइश दी जा रही थी, लेकिन 27 दिसंबर को यहां चल रहा आंदोलन अचानक उग्र हो गया। आरोप है कि राजेश मरकाम, रूपेश पटेल, संदीप प्रधान तथा उनके साथियों ने बड़ी संख्या में आंदोलनकारियों को उकसाकर पुलिस बल हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में पुलिसकर्मी घायल हुए तथा पुलिस से शासकीय वॉकी-टॉकी एवं शासकीय मोबाइल फोन लूट लिए गए और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने प्लांट में तोड़फोड की थी। घटना के संबंध में अलग-अलग प्रार्थियों की रिपोर्ट के आधार पर तमनार थाने में कुल 16 अपराध पंजीबद्ध किए गए। अब तक इस प्रकरण में 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। इसी प्रकरण में मुख्य आरोपी राजेश मरकाम पिता तालम सिंह मरकाम उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम खडगांव चौकी जोबी के विरूद्ध भी दर्ज किया गय था। विवेचना के दौरान उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। बीते 01 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ग्राम बरपाली आया हुआ है। इसी सूचना के आधार पर तमनार एवं पूंजीपथरा पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना के दौरान आंदोलनकारियों के साथ मिलकर हिंसक वारदात में शामिल होना स्वीकार किया।

**मच गई खलबली, बीती रात से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा उनका इस्तीफा**

## आदिवासी नेता और पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने बीजेपी छोड़ी

**रायगढ़।** लैलूंगा क्षेत्र के आदिवासी नेता और पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने आखिरकार बीजेपी से नाता तोड़ लिया है। रवि भगत के इस्तीफे वाली चिठ्ठी जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुई, जिले की राजनीति में खलबली मच गई। खुद रवि भगत ने बीजेपी छोड़ने के पीछे पारिवारिक वजह बताया है, लेकिन इस बात को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। पार्टी और संगठन के साथ लोग तरह- तरह के कयास लगाने लगे हैं।




रवि भगत ने बीते दो दशक से संगठन को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। युवाओं को एकजुट करने में उनकी अहम भूमिका रही है। आदिवासियों के हक और डी-लिस्टिंग जैसे मुद्दों को लेकर काफी मुखर थे। कांग्रेस की सरकार थी तो कई बड़े आंदोलन उनके नेतृत्व में हुए। रायगढ़-घरघोड़ा जर्जर सड़क को लेकर तो उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। हालांकि साल भर पहले डीएमएफ को लेकर एक स्वयं द्वारा रचित गाने के बहाने पार्टी के एक नेता को निशाना बनाने के बाद वे चर्चा में आ गए थे। इसके बाद रवि भगत को प्रदेश संगठन की ओर से बीते 26 जुलाई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इसके कुछ समय बाद ही उनको भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया था। इन सब कारणों से रवि भगत काफी आहत भी हुए थे, लेकिन उन्होंने इसे पार्टी का अंदरुनी मामला बताते हुए कभी कोई बयानबाजी नहीं की। अब अचानक ठीक अपने जन्मदिन के दिन ही उनके द्वारा पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने से खलबली मच गई है। खासकर युवा वर्ग में उनके त्याग पत्र को लेकर काफी हलचल देखी जा रही है। अभी उनकी पत्नी शांता भगत जिला पंचायत सदस्य हैं।

### 1 जुलाई से नई व्यवस्था, एक दिन की देरी पर महीने का लगता था सरचार्ज

# अब जितने दिन की देरी, उतना ही लगेगा लेट पेमेंट चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी तो की गई है, लेकिन विलंब शुल्क पर लगने वाले सरचार्ज के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत यदि उपभोक्ता को बिल भुगतान में एक या दो दिन की देरी होती है तो उसे पूरे महिनें का नहीं बल्कि प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। जो प्रतिदिन 0.04 फीसदी दर पर आधारित होगा।

जानकारी के अनुसार अब तक बिजली बिल नियत तिथि के बाद जमा करने पर उपभोक्ताओं से पूरे महीने के लिए 1.5 प्रतिशत की दर से जुर्माना वसूला जाता था, भले ही भुगतान केवल एक-दो दिन की देरी से किया गया हो। किंतु नई व्यवस्था के तहत अब यह प्रणाली समाप्त कर दी गई है और इसकी जगह प्रतिदिन के आधार पर अधिभार लगाने का प्रावधान लागू किया गया है। नए नियम के अनुसार अब 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से विलंब शुल्क लिया जाएगा। यानी उपभोक्ता जितने दिन देरी से बिल जमा करेंगे, उन्हें केवल उतने ही दिनों का अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इससे समय सीमा से मामूली देरी करने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि आयोग द्वारा 1 जुलाई बिजली की नई दरों को भी लागू कर दिया है, जिसके तहत बिजली अब पहले से मंहगी हो गई है। जानकारी के अनुसार के 100 यूनिट पर 30 रूपए, 200 यूनिट पर 60 रूपए, 300 यूनिट पर 120 रूपए, 400 यूनिट पर 160 रूपए तक अतिरिक्त भुगतान करना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा प्रभार में 30 पैसे से 50 पैसे प्रति यूनिट तक वृद्धि की गई है, जिससे अब मासिक बिलों में देखने को मिलेगी।



### पहले 1.5 फीसदी की दर से लगता था विलंब शुल्क

अब तक लागू नियम के अनुसार यदि कोई उपभोक्ता बिल की निर्धारित तिथि के बाद एक दिन की भी देरी से भुगतान करता था, तो उससे पूरे महीने के लिए 1.5 प्रतिशत की दर से विलंब शुल्क वसूला जाता था। यानी भुगतान में देरी एक दिन की हो या 20 दिन की, उपभोक्ता को समान दर से पूरे माह का सरचार्ज चुकाना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत अब प्रतिदिन के आधार पर सरचार्ज की गणना होगी। आयोग ने इसके लिए 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर निर्धारित की है।

### इस तरह समझें पूरा गणित

इस बदलाव का सबसे अधिक लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनका बिल तकनीकी कारणों, बैंकिंग समस्या या अन्य वजहों से एक-दो दिन की देरी से जमा हो पाता है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी उपभोक्ता का बिजली बिल 5 हजार रुपये है, तो पहले एक दिन की देरी होने पर भी उसे 75 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता था। नई व्यवस्था में एक दिन की देरी पर लगभग 2 रुपये, पांच दिन की देरी पर करीब 10 रुपये, दस दिन की देरी पर लगभग 20 रुपये और 30 दिन की देरी पर करीब 60 रुपये का ही अतिरिक्त शुल्क देना होगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# मुसाफिर कैफे का टीजर रिलीज रोमांटिक अंदाज में नजर आए विक्रांत

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही नेटफ्लिक्स की नई रोमांटिक फिल्म 'मुसाफिर कैफे' में नजर आने वाले हैं। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म का टीजर साझा किया। इस फिल्म में विक्रांत के साथ वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 24 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'मुसाफिर कैफे' की कहानी भोपाल और मसूरी की खूबसूरत जगहों पर आधारित है। यह तीन ऐसे अजनबियों की कहानी है, जिनकी जिंदगी आगे चलकर एक-दूसरे से जुड़ जाती है। यह फिल्म लेखक दिव्या प्रकाश दुबे के मशहूर उपन्यास पर आधारित है। इसे शरण्य राजगोपाल ने लिखा है और रुचिर अरुण ने निर्देशित किया है।

## लाइफ Style

# आयशा
## मुझे मार दो, किस्सा खत्म करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आईं एक्ट्रेस आयशा खान ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने फैंस को भी चौंका दिया है। आयशा का कहना है कि उन पर किसी ने काला जादू किया और हो सकता है कि वह अभी श्रापित हों।

आयशा ने बताया कि उनके पास एक पार्सल आया। चार दिन से एक शख्स उन्हें फोन कर रहा था और कह रहा था कि उनकी डिलीवरी है। जबकि आयशा के मुताबिक, उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया था, और ऐसा कुछ याद भी नहीं था। फिर भी उन्होंने उस डिलीवरी वाले शख्स को घर आने को कहा। उसने आयशा खान को पार्सल दिया। आयशा खान के मुताबिक, उन्होंने डिलीवरी बॉय को मना किया कि पार्सल उनका नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया है, पर शख्स ने कहा कि पार्सल उन्हीं के नाम पर है। फिर आयशा ने पार्सल के पैसे पूछे, तो उसने 600 रुपये बताए। आयशा ने पैसे दे दिए और जब पार्सल खोला तो हैरान रह गईं ,क्योंकि अंदर मिट्टी का एक पैकेट था। आयशा ने आर्यमन और योगिता को बताया कि उनके ऊपर किसी ने काला जादू किया है। मिट्टी का पैकेट काले जादू वाला था। वह फिर बोलीं, 'मेरे कहने का मतलब बस इतना है कि अगर आप चाहते हो मेरे पर काला जादू करना चाहते हो, तो आप मुझे थोड़ी सी तकलीफ मत दो। मुझे सीधा ही मार दो। आप मेरा किस्सा ही खत्म करो। मैं भी जाऊं, आपका भी काम हो ये सब थोड़ा थोड़ा करके मत करो। हो



## हॉलीवुड मसाला



# बाल्ड लुक में नजर आए जॉन

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना ने अपने हेयर ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के दूसरे राउंड के बाद सिर मुंडवाकर फैंस को चौंका दिया। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए एक फोटो पोस्ट की और अपने हेयर रेस्टोरेशन प्रोसीजर के बारे में बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। जॉन सीना ने दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन प्रोसीजर करवाने के बाद एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस अपडेट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एफयूई ट्रीटमेंट का दूसरा राउंड और इस बार मैंने सबसे अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी कोशिश की।




# टेलर की शादी में खर्च होंगे 189 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे मशहूर, सबसे सफल और सबसे अमीर सिंगर टेलर स्विफ्ट शादी कर रही हैं। मैडिसन स्क्वायर गार्डन में वह ट्रैविस केल्स के साथ कथित तौर पर जुलाई के पहले वीकेंड में विवाह करने वाली हैं। यह कपल शादी की रस्मों और तैयारियों को गुप्त रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अनुमान है कि मैडिसन स्क्वायर गार्डन में टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की कथित शादी पर $10 मिलियन से $20 मिलियन के बीच खर्च आएगा। भारतीय रुपए में यह 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ की भारी-भरकम लागत है। इस खर्च का बड़ा हिस्सा शादी के सेटअप, डेकोरेशन, वेन्यू बुकिंग और खाने-पीने पर खर्च होने वाला है। शादी की तैयारी के लिए मैनहट्टन शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जाता है इस दौरान पूरे वीकेंड शहर की कई सड़कों को बंद करने की अनुमति मांगी गई है।



# अल्फा से हटाए गए चाकू गोदने वाले सीन

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी लीड रोल्स में हैं। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिल गई है, लेकिन हमेशा की तरह सेंसर बोर्ड को कुछ सीन्स में आपत्ति भी थी, जिसमें उन्होंने बदलाव के लिए कहा है। बात करें सेंसर बोर्ड को आपत्ति की, तो धुरंधर और बंगाल फाइल्स जैसी फिल्मों के हिंसक सीन्स से बोर्ड को कोई दिक्कत नहीं थी जबकि भर-भरके इन फिल्मों में ऐसे सीन थे। लेकिन, अल्फा के चाकू से हमले पर आपत्ति हो गई और ऐसे सीन्स पर कैंची भी चल गई। इंग्लिश सबटाइटल वाली इस फिल्म 'अल्फा' के हिंदी वर्जन को यूए16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म का मंजूर किया गया रनटाइम 140 मिनट और 48 सेकंड (2 घंटे, 20 मिनट और 48 सेकंड) है।



# एक्शन अवतार में दिखीं नयनतारा

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के बाद अब यश की टॉक्सिक धमाका करने वाली है। लंबे समय से फिल्म का इंतजार हो रहा है। इस बीच फिल्म का के नया टीजार आ गया है जिसमें फिल्म की 5 लीडिंग हीरोइन के लुक से पर्दा हटा दिया गया है। इस डेढ़ मिनट से ज्यादा के टीजर में कियारा अडवानी का खूबसूरत अवतार, नयनतार का एक्शन, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुकमनी वसंत को देखा जा सकता है। साथ ही यश को औरतों के साथ एक्शन सीक्वेंस करते देखा जा सकता है। इस टीजर को 1 घंटे के समय में लाखों लोगों ने देख लिया है। यश स्टारर टॉक्सिक का टीजर 1.41 मिनट का है जिसमें फिल्म की पांचों लीडिंग लेडीज के जलवे दिखाए गए हैं। टीजर का टाइटल है 'लेडीज एंड लेडीज'। टीजर की शुरुआत यश के लव मेकिंग सीन से होती है।

## टीवी मसाला



# लॉकअप सीजन 2 में लौट रहीं क्वीन वीकेंड पर आएगा सबसे बड़ा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला विवादित रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' पहले दिन से ही चर्चा बटोर रहा है। राम कपूर की बयानबाजी से लेकर आकांक्षा चौधरी और श्रेया कालरा के बीच झगड़ा लगातार ऑडियंस का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, इस बीच ही अब शो की पुरानी होस्ट लॉकअप सीजन 2 में धमाल मचाने आ रही हैं, जहां वो ऐसे-ऐसे ट्विस्ट लेकर आने वाली हैं, जिसे जानकर कंटेस्टेंट के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। फराह खान और रितेश देशमुख भले ही लॉकअप सीजन 2 के जेलर बने हैं, लेकिन कंगना रनौत ओजी हैं। अब विवादित रियलिटी शो में ओरिजिनल क्वीन लौट रही हैं, तो धमाका होना तो लाजमी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत रियलिटी शो में 'जनता की आवाज' बनकर आ रही हैं। कंगना रनौत ने भी सेकंड सीजन के एक एपिसोड में लौटने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "यह शो हमेशा से ही अपने सच को स्वीकार करने के बारे में था, चाहे फिर आप कितने भी अनकंफर्टेबल हो। लॉकअपः सच या सजा फर्स्ट टर्मिनेशन' के वीकेंड एपिसोड में मैं फराह खान और रितेश देशमुख के साथ आ रही हूं। मैं बस यही कह सकती हूं कि हर च्वाइस की एक कीमत होती है।"अब वह कीमत नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स का टर्मिनेशन है या फिर क्या ट्विस्ट आएगा, ये तो वीकेंड पर पता चलेगा। लॉकअप के सीजन 2 में पहले हफ्ते का टर्मिनेशन का वक्त आ चुका है। शो के इस हफ्ते के सुरक्षित टॉप 3 कंटेस्टेंट्स हर्षद चोपड़ा, आकांक्षा चमोला और सुनीता आहूजा ने मिलकर जिन पांच कंटेस्टेंट्स को खतरे में डाला है, उनमें श्रेया कालरा, सूफी मोतीवाला, श्रेष्ठा अय्यर, माधुरी ग्रोवर और रियाज अली का नाम शामिल हैं।

## कश्मीरा ने मेरे पैर पर गिरकर माफी मांगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों शो लॉकअप में नजर आ रही हैं। शो में सुनीता ने अब अपने परिवार यानी कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह को लेकर बात की। सुनीता ने बताया कि वह 14-15 साल बाद दोनों से मिलीं कुछ दिनों पहले और कश्मीरा ने उनके पैर पर गिरकर माफी मांगी थी। सुनीता ने शो में कहा, 'लाफ्टर शेफ पर मैं गई न तो कृष्णा और मेरा पैचअप हो गया 14-15 साल बाद। मैंने उसके बच्चे को भी नहीं देखा था, वो अब 9 साल के हो गए हैं जबकि मैंने कृष्णा को तो पाला था। लेकिन कश्मीरा के बारे में बता दूं कि वह बहुत स्वीट है। उसने पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी। मैं भी रोने लगी थी क्योंकि 14 साल बाद मैं उनसे मिली और उन्हें देखा। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और कहा सॉरी मेरे से गलती हो गई।




# काम मिलेगा या नहीं, अपनी क्षमताओं को लेकर इनसिक्योर हैं अभिषेक

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 26 साल पूरे किए हैं। उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' 2000 में रिलीज हुई थी और इसी फिल्म से करीना कपूर ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। हाल ही में एक बातचीत में अभिषेक ने अपने सफर को याद किया और बताया कि कैसे इतने साल में एक एक्टर के तौर पर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। अभिषेक ने एक एक्टर के तौर पर खुद में आए सबसे बड़े बदलाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बस एक ही बदलाव आया है कि अब मैं ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तो थोड़ी असहजता थी। लेकिन, अब कैमरे के सामने मैं ज्यादा कम्फर्टेबल रहता हूं। जब आप जैसे हैं वैसे ही रहते हैं और खुद में सहज महसूस करते हैं, तो आपको उन फैसलों के बारे में स्पष्टता मिलती है जो आपको लेने होते हैं। आज मैं बहुत स्पष्ट हूं या यूं कहूं कि पिछले पांच से सात साल से कि किसी खास समय पर मुझे क्या नहीं करना है। कॅरियर की शुरुआत में बहुत उत्साह होता है और काम मिलेगा या नहीं, इसे लेकर असुरक्षा भी होती है। इसलिए जो भी काम मिलता है, आप उसे कर लेते हैं। अभिषेक ने उन इनसिक्योरिटीज के बारे में भी बात की जिनका सामना अक्सर एक्टर्स को करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने साथियों की सफलता को लेकर कभी असुरक्षा महसूस क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैं क्लियर होता हूं कि मुझे यह नहीं करना है। इसका मतलब है कि मैं निश्चित रूप से यह करना चाहता हूं। इसलिए, इसमें बहुत ज्यादा पक्का इरादा होता है और यह एक तरह की परिपक्वता और शांति से आता है। मुझे लगता है कि इससे आपके काम में भी मदद मिलती है। अब हम हर जगह नहीं भटकते। मैं कभी भी इस बात को लेकर इनसिक्योर एक्टर नहीं रहा कि 'वह क्या कर रहा है'।



हर प्रेमी का फेवरेट है पुराना रोमांटिक सॉन्ग, राज कपूर पर फिल्माया गया था गीत

# 60 सालों से कल्ट क्लासिक बना हुआ है मुकेश का ये गाना...

**नई दिल्ली।** मुकेश हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा गायकों में से एक थे, जो आजाद भारत से पहले सिनेमा की आवाज बने थे। उन्होंने अपने शानदार सिंगिंग करियर में एक से बढ़कर एक गीत को आवाज दी थी। आज भी उनके द्वारा गाए गए नगमों को श्रोता खूब सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर हम आपको मुकेश के एक कल्ट क्लासिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 60 सालों से प्यार की परिभाषा बयां कर रहा है। आइए जानते हैं कि यहां कौन से गीत के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

## राज कपूर -मुकेश की जोड़ी

1945 में बतौर गायक मुकेश ने अपनी नई पारी का आगाज किया। हालांकि, वह सिनेमा जगत में एक्टर बनने आए थे, लेकिन कुछ मूवीज को करने के बाद उन्हें पता लग गया था कि एक्टिंग में उनका भला नहीं हो सकता। अभिनेता राज कपूर संग मुकेश की जोड़ी काफी हिट रही थी और उन्होंने राज साहब के लिए कई यादगार गीत भी गाए। उनमें से एक सॉन्ग रहा- सजन रे झूठ मत बोलो...



## शैलेंद्र ने लिखा था गीत

राज कपूर और वहीदा रहमान स्टारर फिल्म तीसरी कसम का ये गाना आज भी कल्ट माना जाता है। रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर प्यार में पड़ा हर शख्स इसे सुनना पसंद करता है। साल 1966 में आई तीसरी कसम फिल्म की सफलता में मुकेश के सजन रे झूठ मत बोलो... गाने ने अहम योगदान दिया था। गौर किया जाए तीसरी कसम के सजन रे झूठ मत बोलो गाने की मेकिंग की तरफ तो इस गीत को मुकेश की गायिकी के अलावा संगीतकार शंकर-जय किशन की जोड़ी ने अपनी धुनों से तैयार किया, जबकि सॉन्ग के लिरिक्स को गीतकार शैलेंद्र ने अपनी कलम से लिखा था। इस तरह से मुकेश का सजन रे झूठ मत बोलो... बनकर तैयार हुआ।

## एक्टर के तौर पर शुरू किया था कॅरियर

बतौर गायक मुकेश करीब 3 दशक तक सिनेमा जगत में एक्टिव रहे। इस दौरान उन्होंने 1300 से अधिक गानों को अपनी आवाज दी थी। अन्य सिंगर्स की तुलना में ये संख्या कम इस वजह से लगती है, क्योंकि मुकेश का शुरुआती कॅरियर एक एक्टर के तौर पर शुरू हुआ था, ना कि एक गायक के रूप में।

## हॉलीवुड-मूवीज भी दिखाएंगी दम, बॉलीवुड में मिलेगा एक्शन-कॉमेडी का डबल डोज

# इस माह होगी फिल्मों की बारिश, अल्फा से लेकर धमाल 4 तक जमाएंगी रंग

*__नई दिल्ली।__ कभी रिमझिम फुहार, तो कभी झमाझम बारिश होगी, कभी सिर्फ टिप-टिप करके पानी बरसेगा। यह सारे नजारे जुलाई के महीने में देखने को जब-तब मिल जाएंगे। सिनेमाघरों में भी फिल्मों की बारिश जुलाई महीने में भरपूर होगी, कहने का मतलब है कि कई फिल्में थिएटर में रिलीज होंगी। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ तक के बड़े स्टार की फिल्में दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करेंगी।*

**अल्फा:** आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर और शिव रावल निर्देशित स्पाई ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**बेबी डू डाई डू:** हुमा कुरैशी की फिल्म 'बेबी डू डाई डू' भी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हुमा कुरैशी का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह एक फीमेल किलर का रोल कर रही हैं। फिल्म को नचिकेत सामंत ने निर्देशित किया है।

**धमाल 4:** इंद्र कुमार निर्देशित और अजय देवगन स्टारर फिल्म 'धमाल 4' भी थिएटर में दस्तक देगी। इसमें एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। अपनी कॉमेडी के लिए यह फ्रैंचाइज जानी जाती है। इस बार देखना होगा ये दर्शकों को हंसा पाते हैं या नहीं। यह फिल्म 10 जुलाई को थिएटर में रिलीज होगी।



## द इंडिया स्टोरी

श्रेयस तलपदे स्टारर फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को चेतन डीके ने निर्देशित किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल भी हैं। बड़ी फिल्मों के अलावा कुछ अलग कहानी कहती बॉलीवुड फिल्में भी जुलाई में रिलीज होंगी। इसमें 'उत्तर दा पुतर' और 'तेरा यार हूं मैं' 24 जुलाई को रिलीज होंगी।

## साउथ फिल्में भी मचाएंगी धमाल

*बॉलीवुड फिल्मों के अलावा साउथ की फिल्में भी पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होंगी। कई फिल्मों की चर्चा भी सोशल मीडिया पर हो रही है।*

**नागबंधम** : यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को देश और दुनिया भर के थिएटर में रिलीज होगी। विराट कर्णा और नाभा नतेश स्टारर यह एक माइथोलॉजिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक नामा हैं।

**राव बहादुर:** वेंकटेश महा निर्देशित फिल्म 'राव बहादुर' भी 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस तेलुगु साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म में सत्यदेव लीड रोल में हैं।



**विश्वम्भरा:** मेगास्टार चिरंजीवी की यह फिल्म 10 जुलाई को रिलीज होगी। इसे मल्लीदी वशिष्ठ ने निर्देशित किया है। फिल्म में तृषा कृष्णन, कुणाल कपूर और आशिका रंगनाथ जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**लेनिन:** अखिल अक्किनेनी और भाग्यश्री बोर्से की तेलुगु एक्शन फिल्म 'लेनिन' 10 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को मुरली किशोर अब्बुरु ने डायरेक्ट किया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के लिए मिले 86 आवेदन

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में जिले के नागरिकों से 185 आवेदन प्राप्त किए, जिनमें विभिन्न योजनाओं के लाभ दिलाने के आवेदन जैसे राशनकार्ड के 8, पेंशन के 2, शौचालय के 2 शामिल थे। इसके अलावा अवैध कब्जा हटाने, ग्राम सभा में मनमानी निर्णय करने आदि के आवेदन लोगों ने कलेक्टर को दिए। कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास के लिए सबसे ज्यादा 86 आवेदन प्राप्त हुए।

### भारत मंडपम में शामिल होंगे घनश्याम पटेल

**पुसौर।** मंत्रालय द्वारा 6 जुलाई से नई दिल्ली के भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ के चुनिंदा सहकारी समिति अध्यक्षों का विशेष राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया है। रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पुसौर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम पटेल का चयन इस प्रतिष्ठित सेमिनार के लिए हुआ है। घनश्याम पटेल के नेतृत्व में रायगढ़ जिले के कुल 5 समिति अध्यक्ष इस सेमिनार में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जिले में 86.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 2 जुलाई तक 86.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 11.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 170.5 मिली मीटर, पुसौर में 102.1, खरसिया में 84.2, घरघोड़ा में 45.8, तमनार में 115.8, लैलूंगा में 50, मुकडेगा में 49.8, धरमजयगढ़ में 54 छाल में 100 एवं कापू में 96 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन 1076 से स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक मजबूत माध्यम साबित हो रही है। इसी कड़ी में रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत छोटे अतरमुड़ा वार्ड क्रमांक 03 में नाली सफाई एवं कचरा निस्तारण से जुड़ी वर्षों से लंबित समस्या का प्रशासनिक त्वरित कार्रवाई के बाद सफल समाधान किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। वार्ड निवासी देव कुमार द्वारा 1076 पर दर्ज शिकायत में यह उल्लेख किया गया था कि क्षेत्र की नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी एवं जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं मंदिर परिसर के आसपास कचरे का लगातार जमाव होने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और स्ट्रीट लाइटों की खराबी के कारण रात्रिकालीन असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम पंचधार प ह.नं 11
रा.नि. मं- गोबरसिंघा तहसील सरिया
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण सिदार पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद सिदार निवासी पंचधार तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ0ग0 के द्वारा अपने पिता जगन्नाथ सिदार का मृत्यु दिनांक 18.10.2001 (शब्दों में अट्ठारह अक्टूबर दो हजार एक) को ग्राम पंचधार में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म / मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 15.07.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया**

**सक्षम श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
**// शपथ पत्र //**

मैं रूखसाना बेगम पति-रहमत खान उम-44 वर्ष, जाति- मुसलमान निवासी ग्राम - वार्ड 09 बेहरापारा धरमजयगढ़ पोस्ट-धरमजयगढ़ तहसील-धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ0ग0) का मूल निवासी हूँ, तथा यह शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा पुत्र अरमान शेख के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 5327 4912 7236 में लिपिकीय त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम जेहद्दीन शेख (JEHRUDDIN SHEKH) त्रुटिवश दर्ज हो गया है जो कि गलत है। 3. यह कि अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अरमान शेख (ARMAN SHEKH) निवासी ग्राम- वार्ड नं 09 बेहरापारा धरमजयगढ़ पोस्ट-धरमजयगढ़ तहसील-धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.) दर्ज है जो कि वास्तविक नाम है। जो कि सही एवं सत्य है। 4. यह कि मेरे पुत्र को शिक्षा एवं न्यायालय संबंधी कार्य हेतु उक्त आधार कार्ड में सुधार करने की आवश्यकता हुई है। 5. यह कि मेरे पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 5327 4912 7236 में त्रुटिपूर्ण मेरे पुत्र का नाम जेहरुद्दीन शेख (JEHRUDDIN SHEKH) के स्थान पर वास्तविक नाम अरमान शेख (ARMAN SHEKH) निवासी ग्राम - वार्ड नं 09 बेहरापारा धरमजयगढ़ पोस्ट-धरमजयगढ़ तहसील-धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.) दर्ज करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
जेहरूद्दीन

**//सत्यापन//**

मैं रूखसाना बेगम पति-रहमत खान उम-44 वर्ष, जाति- मुसलमान निवासी ग्राम- वार्ड नं 09 बेहरापारा धरमजयगढ़ पोस्ट-धरमजयगढ़ तहसील - धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.) शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ, कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान से सही एवं सत्य है। जिसे आज दिनांक 24/06/2026 को स्थान :- धरमजयगढ़ में पढ़कर अपना हस्ताक्षर किया।
दिनांक :-24/06/2026
स्थान :- धरमजयगढ़

शपथकर्ता
जेहरूद्दीन

## जैविक खाद निर्माण, पीजीएस प्रमाणीकरण, कराई जा रही शैक्षणिक भ्रमण

# जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दिया जा रहा तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, खाद निर्माण की जानकारी, पीजीएस प्रमाणीकरण, शैक्षणिक भ्रमण और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को ऐसी खेती की तकनीक सिखा रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़े और उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर हो। इस बदलाव को जनभागीदारी का स्वरूप देने के लिए कृषि विभाग द्वारा एक महीने तक जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में खेत बचाओ अभियान चलाया गया। इसके तहत 930 किसानों ने 337 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती तथा 1126 किसानों ने 429 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती अपनाने की सहमति दी।


किसानों को जैविक खेती की जानकारी देते वैज्ञानिक।

जैविक एवं प्राकृतिक खेती का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे मिट्टी की सेहत सुधरती है, रासायनिक उर्वरकों पर खर्च घटता है, जल संरक्षण होता है और उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिलता है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जो किसान धान के स्थान पर दलहन, तिलहन या अन्य खरीफ फसलें अपनाएंगे, उन्हें प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता मिलेगी। पहले से मक्का, रागी, कोदो, कुटकी, तिलहन, दलहन और कपास जैसी फसलें लेने वाले किसानों को भी 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की सहायता मिलती रहेगी।

### एक हजार हेक्टेयर में होगी परंपरागत खेती

साल 2025-26 में जिले में एक हजार हेक्टेयर में परंपरागत खेती, 500 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती तथा 450 एकड़ में जैविक खेती की गई। वहीं 1680 हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित धान और पौष्टिक मोटे अनाजों का उत्पादन किसानों की आय का नया आधार बन रहा है। देवभोग और जवाफूल जैसी पारंपरिक धान की किस्में अब केवल पहचान नहीं, बल्कि किसानों के लिए बेहतर आमदनी का माध्यम भी बन रही हैं। रागी, कोदो और अन्य मोटे अनाजों की बढ़ती मांग ने किसानों को यह भरोसा दिया है कि फसल विविधीकरण केवल जोखिम कम नहीं करता, बल्कि आय बढ़ाने का भी मजबूत माध्यम बन सकता है।




# आज से मनरेगा नहीं, वीबी जी रामजी मिशन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के अवसरों के विस्तार की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी रामजी का आज शुभारंभ किया गया।

आंध्र प्रदेश से आयोजित राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने मिशन की प्रमुख विशेषताओं और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी सातों विकासखंडों में राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने देखा एवं सुना। जिपं में आयोजित जिला स्तरीय जन सम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष शिखा गबेल, जिपं सदस्य सुषमा खलखो, सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम रोजगार सहायक,तकनीकी सहायक तथा स्व सहायता समूहों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी जी रामजी मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

# जिंदल सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन

**रायगढ़।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा बदलते औद्योगिक परिदृश्य में सुरक्षा मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जिंदल सेंटर में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री सीआईआई के तत्वावधान में सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में जेएसपीएल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन प्रतिनिधि, अन्य कारखानों के प्रतिभागी तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक सुरक्षा के विविध पहलुओं पर विस्तृत तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें जेएसपीएल, बालको, टाटा स्टील सहित विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से सुरक्षा प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण एवं दुर्घटना न्यूनिकरण के प्रभावी उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने औद्योगिक इकाइयों में कार्यस्थल सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने हेतु नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक औद्योगिक वातावरण में सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक सतत संस्कृति के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता है। वर्कशॉप के दौरान बदलते तकनीकी परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी जैसी उन्नत तकनीकों के उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इन तकनीकों के प्रभावी उपयोग से औद्योगिक दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है, साथ ही प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक सुरक्षित, सटीक और व्यवहारिक बनाया जा सकता है।

### जिले को डेंगू मुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रभावी पहल

**रायगढ़।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को डेंगू मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल किए जा रहे है। इसके तहत मौसम पूर्व तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। पूर्व वर्षों में बड़ी सफलता के बाद वर्ष 2026 में शून्य डेंगू लक्ष्य पर काम जारी है। लार्वा नियंत्रणए फॉगिंग और जनजागरूकता पर विशेष फोकस किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए अस्पतालों में विशेष डेंगू वार्ड तैयार किए गए हैं। साल 2026 में डेंगू नियंत्रण को पूर्णतः प्रभावी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में जहां 1968 डेंगू प्रकरण दर्ज किए गए थे, वहीं वर्ष 2025 में यह घटकर मात्र 30 रह गए।

# बीज उत्सव में बिहान महिला सदस्यों ने एक ही दिन में बनाया 59 हजार सीड बॉल

**सारंगढ़।** जिले के विभिन्न स्थानों में बिहान के महिला सदस्यों की टोली ने वृहद बीज उत्सव कार्यक्रम में सीड बाल तैयार किया। इसी सिलसिले में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ग्राम गोड़म पहुंचीं और महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे सीड बॉल निर्माण कार्य का अवलोकन की और सहभागी बनी। इस दौरान उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की।



ग्राम गोड़म में महिला समूहों द्वारा 30 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए गए। इन सीड बॉल में विभिन्न फलदार पौधों एवं अन्य उपयोगी वृक्षों के बीज शामिल किए गए हैं, जिन्हें वर्षा ऋतु में उपयुक्त स्थानों पर रोपित किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत पवनी अंतर्गत संकुल संगठन की महिलाओं ने भी 15 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी से एक ही दिन में कुल 59 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए गए, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि बीज उत्सव केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से इस जनभागीदारी अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार करने और उन्हें वर्षा ऋतु में उपयुक्त स्थानों पर स्थापित करने की अपील की।

# 8 महीने से वृद्धा, निराश्रित विधवा, दिव्यांग पेंशन बंद

**रायगढ़।** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन पिछले 8 महीनों से लंबित होने के कारण हजारों जरूरतमंद हितग्राही आर्थिक तंगी और मानसिक पीड़ा झेलने को मजबूर हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस गंभीर समस्या को लेकर पहले भी दो बार कलेक्टर के माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट कराने ज्ञापन सौंपकर तत्काल भुगतान मांग की थी लेकिन प्रशासन ने केवल आश्वासन दिया पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से हितग्राहियों में गहरा दुख व असंतोष व्याप्त है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि जिन बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों और निराश्रितों के लिए हर महीने मिलने वाली पेंशन ही जीवनयापन का एकमात्र सहारा है, उन्हें तकनीकी कारणों का हवाला देकर महीनों तक भुगतान से वंचित रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। दवाए राशन और रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हितग्राहियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार यदि वास्तव में गरीबों की हितैषी है तो उसे सबसे पहले इन जरुरतमंदों की पीड़ा को समझना चाहिए। शाखा यादव ने कहा कि प्रशासन को दो दो बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद ट्रिपल इंजन वालीएकथित सुशासन की सरकार की व्यवस्था नहीं जागी, तो यह निश्चित तौर पर सरकार की कुप्रबंधन, संवेदनहीनता का परिचायक है। जबकि प्रदेश भर में गरीबों के मकान तोड़ कर विधायक कालोनी, नालंदा लायब्रेरी, और सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किये जा रहे हैं।

# प्रगति हायर सेकंडरी स्कूल अमलडीहा में प्रवेशोत्सव

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर से लगे प्रगति हायर सेकंडरी स्कूल, अमलडीहा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर बुधवार को मेगा प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें विद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय की प्राचार्य जयश्री डी. पुरोहित एवं प्रधानपाठक दिनेश पुरोहित ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया।



इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन तथा चॉकलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, प्रेरणादायी गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यालय परिसर में पूरे समय उल्लास का माहौल बना रहा। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय परिवार द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए सकारात्मक वातावरण की सराहना की। प्राचार्य जयश्री डी. पुरोहित ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ श्रेष्ठ संस्कार, अनुशासन एवं आधुनिक ज्ञान प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। प्रधानपाठक दिनेश पुरोहित ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समयपालन, अनुशासन तथा शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**रायगढ़।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड रायगढ़ क्षेत्र के तत्वावधान में 16 से 30 जून तक आयोजित - स्वच्छता पखवाड़ा का आज स्थानीय कम्युनिटी हॉल में एक समारोह के साथ आधिकारिक समापन हुआ।

इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक संचालन, अनुराग शेखर दुबे एवं अमरेश पांडे मंच पर आसीन रहे। इस अवसर पर एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी, विभिन्न श्रम संगठनों के प्रतिनिधि सफाई मित्र तथा स्थानीय विद्यालयों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सांस्कृतिक शुरुआत एवं प्रगति प्रतिवेदन प्रेज़न्टैशन कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चक्रधरनगर रायगढ़ के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत अत्यंत सुमधुर सरस्वती वंदना तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विभिन्न कल्याणकारी व स्वच्छता गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। डॉ. गजानंद, सहायक प्रबंधक सामुदायिक विकास ने पावर पॉइंट प्रेज़न्टैशन के माध्यम से पखवाड़े के दौरान खदानों, कार्यालयों और आवासीय कॉलोनियों में चलाए गए वृहद सफाई अभियानों, नुक्कड़ नाटकों, जूट थैला एवं कूड़ेदान वितरण, विद्यालयों में आयोजित निबंध व चित्रकला स्पर्धा जागरूकता रैलियों और पौध वितरण जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित किया।

# शिविर में 135 यूनिट रक्त संग्रहित जरूरतमंदों को मिलेगा जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर गारे पेलमा III कोलियरीज लिमिटेड की सामाजिक सरोकार शाखा अदाणी फाउंडेशन द्वारा तमनार स्थित मिलुपारा कार्यालय सेक्टर-तीन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल सामाजिक सेवा और जनकल्याण के प्रति अदाणी फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




इस शिविर में कर्मचारियों, सहयोगियों तथा आसपास के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेवा भावना से प्रेरित होकर सभी प्रतिभागियों ने रक्तदान किया, जिससे कुल 135 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। यह संग्रह भविष्य में कई जरूरतमंद लोगों के जीवन रक्षा में उपयोगी साबित होगा। शिविर का संचालन किरोड़ीमल अस्पताल और रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से किया गया। संपूर्ण आयोजन अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। रक्तदान से पहले सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, जिससे सभी ने सहज अनुभव के साथ भागीदारी निभाई। इस अवसर पर रक्तदाताओं को ब्लड बैंक और अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रशंसा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की समुचित व्यवस्था रही। शिविर में एकत्रित रक्त का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के उपचार, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की देखभाल, प्रसव के दौरान माताओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा तथा थैलेसीमिया, कैंसर और अन्य जटिल बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुसौर के 15 सोसायटियों में चल रहा राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह

**पुसौर।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के मद्देनजर पुसौर क्षेत्र के 15 सेवा सहकारी समितियों में विधिवत झंडा फहराया जाकर उसके सहकारिता गीत गाए गए और समिति के पदाधिकारी सहित उसके किसान गण एक जुट होकर अपनी किसान एकता का परिचय दिया।

जानकारी के मुताविक पुसौर सोसायटी में घनश्याम पटेल, पडिगांव संतोष नायक, बडेहरदी मुक्तेश्वर पंडा, जतरी जीवनलाल पटेल, छिछोर उमरिया अशोक गुप्ता, बडेभंडार विरेन्द्र पटेल, तेलीपाजह कुंजराम प्रधान, तेतला डसोलनारायण गुप्ता, कोडपाली फत्तेचंद प्रधान, केशला किशोर गुप्ता, गढउमरिया अखिलानंद पंडा एवं कोडातराई में प्रबंधक मनोज गुप्ता अपने समिति सदस्यों के साथ सहकारिता ध्वज फहराया इस अवसर पर राष्ट्र गीत की भाति सहकारिता गीत गाए गए।







